प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 97 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 04 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

भाजपा का बरघाट विधानसभा स मेलन आज

बरघाट यशोः- भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देश अनुसार भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे के मार्गदर्शन में बरघाट विधानसभा के कार्यकर्ताओं का स मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बरघाट नगर स्थित आदर्श लान में 4 अगस्त दिन शुक्रवार को समय दोपहर 2 बजे से विधानसभा कार्यकर्ता स मलेन का आयोजन रखा गया है। इस स मेलन में प्रमुख रूप से मु य अतिथि सुश्री कविता पाटीदार संभागीय प्रभारी व राज्य सभा सांसद, जिला संगठन प्रभारी अरुण दिवेदी भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, वैभव पवार भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष की प्रमुख उपस्थिति में स मेलन कार्यक्रम स पन्न होगा। बरघाट विधानसभा संयोजक मीना बिसेन ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विधानसभा स मेलन का आयोजन रखा गया है। स मेलन में संगठन से संबंधित जानकारी एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करने एवं पार्टी की रणनीति तैयार करने कार्यकर्ता स मलेन का आयोजन रखा गया है। बैठक में अपेक्षित विधानसभा में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षद, सभी मंडल कार्यसमिति, सभी मोर्चा मंडल अध्यक्ष, सभी मोर्चे कार्यसमिति, सरपंच, उपसरपंच, पंच, शक्ति केन्द्र टोली, बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की उपस्थिति में स मेलन कार्यक्रम स पन्न होगा।

बरघाट विधानसभा संचालन समिति डॉ. ढालसिंह बिसेन, वैभव पवार, मीना बिसेन, अजय डागोरिया, कमल मर्सकोले, लोचन मर्सकोले, आभा राहंगडाले, इमरता साहू, अशोक तेकाम, भगवत राय, गोमती ठाकुर, विमला वरकड़े, राजेश पटेल, विवेक बिसेन, विजय राहंगडाले, गौरव बिसेन, मानसिंह सनोडिया, प्रवीण मोनू दीक्षित ने सभी अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ से अधिक से अधिक सं या पर उपस्थित होने की अपील किए है।

पुलिस और राजनैतिक संरक्षण से चल रहा सट्टे का अवैध कारोबार

सिवनी यशोः-जिले मे सामाजिक बुराईयों से संबंधित अपराध तेजी से बढ रहे हैं, और इन मामलो मे पुलिस की भूमिका हमेशा संदिग्ध रहती है, अपराधियों के विरूद्ध जिस तरह से प्रभावी कार्यवाही होना चाहिये, वह नही होती, सट्टा, जुंआ, एवं अवैध शराब तथा नशाखोरी वाली सामग्री जिले मे तेजी से अपने पैर पसार रहे हैं।

बर्बाद हो रही युवा पीढ़ी, अनेक परिवार इस महामारी के शिकार

जिले मे ऑनलाईन सट्टा और मटका सट्टा के मकडजाल मे नगरीय क्षेत्र से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो तक आमजनता को फंसा रखा है, ऑनलाईन सट्टे का कारोबार जिस तेजी से फैल रहा है, वह युवा पीढी के लिये घातक होते जा रहा है। वहीं ऑनलाईन सट्टे के माध्यम से ठगी भी बडी मात्रा मे हो रही है, और ऑनलाईन सट्टा की बसूली के लिये आसामाजिक तत्वो को सट्टे के कारोबारी हायर करते हैं, और ऐसे सट्टा कारोबारियों के लिये बसूली करने वाले असामाजिक तत्व समाज मे दहशत और गुंडागर्दी का वातावरण बनाकर कारोबारियों के लिये काम करते हैं। इनकी दहशत मे आकर स य समाज के बिगडे हुआ युवा व्याज माफियाओं के चंगुल मे इतनी बुरी तरह से जकडते हैं कि, इनकी बर्बादी सुनिश्चत हो जाती है। इस प्रकार के अनेक प्रकरण कभी सार्वजनिक तो कभी समाज के बीच चर्चाओं मे रहते हैं। अनेक युवा ऐसे कारोबारियो के चक्कर मे पडकर अपने परिवार की प्रतिष्ठा को दांव पर लगाते हैं, और परिवार आर्थिक रूप से कंगाली की दहलीज पर खडे होकर आंसू बहाते हैं, जानकारी के अनुसार सट्टे के मैचो मे जिले से हर दिन करोडो रूपये की

बाजियां युवा हारते हैं, अनेक युवा अपने परिवार की पूरी दौलत लुटाने के बाद भी इन कारोबारियों के कर्ज से मुक्ति नही पा पाते, इनमे से कुछ आत्मघाती कदम भी उठाते हैं।

स य समाज का बडा वर्ग इस प्रकार के अवैध अनैतिक कार्यो के विरूद्ध आवाज उठाने का साहस भी नही कर पाता, कुछ सट्टे मे, कुछ जुंए मे, कुछ शराब मे तो जिले मे तेजी से बढ रहे सूखे नशे की आदतो के आदी होकर अपने जीवन को तबाह कर रहे हैं। अनेक युवाओं के भविष्य को चौपट होते हुए स य समाज के व्यक्ति मूकदर्शक बनकर देख रहे हैं, और कभी-कभी दबी जबान से विरोध भी करते हैं। वहीं जिले के जनप्रतिनिधि और समाज के ठेकेदार इस प्रकार के अनैतिक अवैध गतिविधियों पर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की भी जहमत नही उठाते, ऐसी अनैतिक गतिविधियों के संचालन करने वाले भी अनेक ऐसे व्यक्ति होते हैं, जिनको सीधा संरक्षण राजनैतिक रूप से प्राप्त होता है।

राजनैतिक रूप से प्राप्त संरक्षण के कारण भी इस प्रकार के अनैतिक कारोबारो का तेजी से बढना संभव हो पा रहा है, यह बात जनमानस को भी समझने की आवश्यकता है, कि, इस प्रकार के अनैतिक कारोबारियों को संरक्षण देने वाले राजनैतिक व्यक्तियो को नकारा जाये और उन्हें लोकतांत्रिक सत्ता से दूर रखने के लिये पूरी सजगता रखी जाये, अन्यथा इस प्रकार के अनैतिक कारोबारियों की अर्थपिपासा आपके परिवार सगे संबंधियों और स्नेहीजनों के यहां भी दस्तक दे सकती है।

राजनैतिक संरक्षण सहित अन्य ऐसे कारण होते हैं, जहां कानून का पालन कराने वाले ही मजबूर हो जाते हैं, और कारोबारियों पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित नही हो पाती और यही कारण है कि, कुछ सीधे तौर पर कुछ दलालों के माध्यम से अनैतिक सट्टे जैसे कारोबार का संचालन कर रहे हैं। पुलिस के पास सट्टा कारोबारियों का व्याज माफियाओ का काला चिट्ठा प्राप्त होने के बाद भी उन्हें कानूनी शिकंजे मे नही फंसाया सका।

किशोर कुमार नाइट आज अग्रोहा लान में

सिवनी यशोः- जबलपुर रोड लूघरवाड़ा स्थित अग्रोहा लान में 4 अगस्त शुक्रवार को देश के सुप्रसिद्ध

गायक किशोर कुमार गांगुली के 94वें जन्मोत्सव पर किशोर कुमार नाइट कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजन समिति के गोविंद अग्रवाल, सब्बू अग्रवाल, पराग कटरे, आशीष अग्रवाल ने बताया कि शाम 7 बजे से गायकों द्वारा अपनी आवाज में किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि संगीतमय कार्यक्रम में जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी श्री संजय सुनील मालू मु य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। जिंदल हास्पिटल के संचालक व समाजसेवी डा. सुनील अग्रवाल विशिष्ट अतिथि होंगे। किशोर कुमार नाइट में स्थानीय व जिले के बाहर से आए चुनिंदा गायकों द्वारा किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी।

विश्व संगीत के सुनहरे पन्नों पर अपनी अमिट पहचान बनाने वाले, विशिष्ट गायन शैली के हरफनमौला कलाकार व मध्यप्रदेश की माटी में जन्में महान गायक व अभिनेता किशोर कुमार गांगुली के 94वें जन्मोत्सव पर संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

लगातार बारिश से नदी नाले उफनाये, सावधानी की अपील

सिवनी यशोः- सिवनी जिला मु यालय सहित पूरे जिले में बुधवार रात्रि से गुरूवार के पूरे दिन और रात्रि में लगातार कभी तेज तो कभी रूक रूककर हो बारिश का दौर जारी है। हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त रहा है आमजनों को घर से निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। लगातार बारिश के कारण नदी नाले उफना रहे है । कई ग्रामों के संपर्क में आने वाले रपटों के ऊपर से भी पानी बह रहा है। गुरूवार को दिन में हो रही बारिश के कारण स्कूलों में उपस्थिती बहुत कम रही जो बच्चे स्कूल गये वे छाता और बरसाती के सहारे पहुँचे । नौकरी पेशा और आवश्यक कामों से बाहर जाने वाले लोग बरसाती

पहनकर बाहर निकले ।

सिवनी नगरीय क्षेत्र में सड़कों पर आवारा जनवारों का झुंड जहाँ तहाँ खड़ा दिखाई दिया और बारिश के कारण वह सड़को से अलग भी नहीं हो रहे थे आवारा पशु दुर्घटना का कारण बन सकते है । यातायात विभाग को इस बात की चिंता ही नहीं रहती । लगातार बारिश के कारण मौसम में ठंडक बढ़ गई है। लगातार बारिश को देखते हुए प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की जा रही है, कि नदी-नाले के ऊपर से यदि पानी बह रहा हो तो उसे पार ना करें। खेत पर काम करने वाले लोगों को भी समझाइश दी जा रही है कि वह सुरक्षित स्थान में रहे। योंकि बारिश के साथ-साथ बिजली की गड़गड़ाहट भी हो सकती है। बिजली भी गिर सकती है। प्रशासन ने आमजनों से सावधानी बरतने की अपील की है । इसी प्रकार जर्जर मकानों के गिरने और जलाशयों के किनारे निवास करने वालो के घरों में पानी भरने का से खतरा हो सकता है । सिवनी सहित पड़ोसी जिलों में आगामी तीन दिनों तक हाई अलर्ट जारी किया गया है ।

जिले में 726.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून 23 से 03 अगस्त 23 तक जिले में 726.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 03 अगस्त तक विकासखंड सिवनी में 641.1 मि.मी, कुरई में 549.0 मि.मी., बरघाट में 735.0 मि.मी., केवलारी 543.2 मिमी, छपारा 640.0 मि.मी, लखनादौन में 1111.9 मिमी, धनौरा में 822.1 मिमी एवं घंसौर में 763.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 5810.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 03 अगस्त को 23 को जिले में कुल 5779.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

श्रीनिवास मूर्ति ने स मेलन की सफलता पर माना आभार

सिवनी यशो :- सिवनी विधानसभा स्तरीय कार्यकर्त्ता स मेलन 02 अगस्त को सिवनी नगर के बाहुबली लॉन में आयोजित किया था । इस स मेलन में विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ की समिति, शक्तिकेन्द्रों के पदाधिकारी, मंडल कार्यसमिति, विधानसभा क्षेत्र में निवासरत जिला एवं प्रदेश के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिती रही । विधानसभा क्षेत्र की बूथ स्तर की समितियों ने उपस्थित होकर अपनी सक्रियता और उत्साह का प्रदर्शन किया है । भाजपा के कार्यकर्त्ताओं का उत्साह और सक्रियता ने स्पष्ट कर दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी रिकार्ड मतो से विधानसभा का चुनाव जीतने वाली है । उत्कृशय की बात विधानसभा संयोजक श्रीनिवास मूर्ति ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही उन्होंने कार्यकर्त्ताओं की इस सक्रियता एवं विधानसभा स मेलन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे के मार्गदर्शन तथा विधानसभा स्तर की संचालन समिति के पदाधिकारियों सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष सुजीत जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष कीरत सिंह बघेल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन बाझल, जिला महामंत्री अजय डागोरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष लालू राय, जिला उपाध्यक्ष दीपक नगपुरे, डां अभिजीत चौहान जिला मंत्री जिला मंत्री संजीव मिश्रा, जिला मंत्री पीयुष दुबे, जिला मंत्री निर्मला ठाकुर, जिला मंत्री सुश्री रानी बघेल जिला मंत्री एकता चौरसिया, विधानसभा विस्तारक दीपक कामडे, जिला कोषाध्यक्ष किशोर सोनी, सह कोषाध्यक्ष समीर ठाकुर, श्रीमती किरण भलावी जनपद अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष संजय सोनी, अभिषेक दुबे , रामजी चंद्रवंशी अनिल बघेल, सुमित राय,ओम राजपूत, राजीव उईके, दिलीप सनोडिया सहित समस्त विधानसभा संचालन टोली के सभी सदस्यों से मिले सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न विधानसभा कार्यकर्त्ता स मेलन के लिये धन्यवाद देते हुये सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुये भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की है ।

वरिष्ठ भाजपा नेता वेदसिंह ठाकुर बने जिला चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक

सिवनी यशोः- - भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष वेदसिंह ठाकुर को प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मा. विष्णुदत्त शर्मा ने जिला चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक नियुक्त किया है । श्री ठाकुर को मिली इस अहम जि मेदारी पर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने उन्हें शुभकामनाएँ देते उन्हें उनके दायित्व के कुशलता पूर्वक निर्वाहन में जिला भाजपा की ओर से पूरा सहयोग प्रदान करने की बात कही । भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि श्री ठाकुर ने अनेक संगठनात्मक कार्यो का सफलता पूर्वक निर्वाहन किया है उनके कुशल मार्गदर्शन में आगामी समय में संपन्न होने वाले चुनाव में जिले के हर क्षेत्र में कार्यकर्त्ता उत्साह और समन्वय के साथ भाजपा की ताकत बनकर पार्टी को मजबूत करेंगे ।

श्री ठाकुर की नियुक्त पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएँ दी है एवं भाजपा प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

भाजपा सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं से जिले के लाखों परिवार हो रहे लाभांवित - आलोक

सिवनी यशोः- हमने सिर्फ विकास की योजनाएं ही नहीं बनाई बल्कि उन्हें धरातल में उतारने का कार्य भी किया है। केंद्र और प्रदेश सरकार की अनेकों अनेक योजनाओं का लाभ भी हमारे जिले की जनता को मिला है इस कार्य में हमारे सभी परिश्रमी कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका है। इस आशय की बात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा गत दिवस सिवनी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही गई।

श्री दुबे ने कहा कि, सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हम सिवनी जिले वासियों को दिलाने में सफल हुए हैं यह हमारे लिए संतोष की बात है। आज लाडली बहना योजना का लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं की सं या जिले में 2 लाख 70 हजार हो चुकी है जबकि नए संशोधन के बाद इनकी सं या बढ़कर तीन लाख तक पहुंच जाएगी। इसी तरह जिले में लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 1लाख 10 हजार हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिल रहा है।

निःशुल्क राशन पाने हितग्राही 10 लाख 68

श्री दुबे ने कहा कि जिले में निःशुल्क राशन प्राप्त करने वालों की सं या भी 10 लाख 68 हजार है जबकि, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर 1लाख 30 हजार परिवार इससे लाभान्वित हुए हैं। इसी तरह आयुष्मान योजना के कार्ड धारकों की सं या भी जिले में 8 लाख पहुंच गई है। यही नहीं हमारी सरकार ने जिले में विद्युत आपूर्ति को सुचारू, सुव्यवस्थित एवं दुरुस्त रखने के लिए 700 करोड रुपए का आवंटन भी किया है।

2 लाख 48 हजार किसानों को स मान निधि

श्री दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान स मान निधि एवं मु यमंत्री किसान स मान निधि के तहत जिले के, 2 लाख 48 हजार किसान भाइयों को यह राशि प्राप्त हो रही है जबकि जिले में हम सिंचाई योजना का भी व्यापक विस्तार करने में सफल हुए हैं और इसे बढ़ाने के लिए सरकार भी निरंतर कार्य कर रही है। जिले के 45 हजार किसान भाइयों का ब्याज माफी योजना के अंतर्गत 92 करोड़ रुपये का ब्याज माफ किया गया है

श्री दुबे ने कहा कि, जिले को विकास की मु य धारा से जोड़ने के लिए किए गए हमारे अथक परिश्रम का परिणाम है कि आज एक भव्य मेडिकल कॉलेज का निर्माण होने जा रहा है। सिंचाई हेतु पेंच का पानी जिले में लाने में हम सफल हुए हैं। आजादी के 75 साल बाद सिवनी जिले को बड़ी रेल लाइन की सौगात मिली है। विकास के नए द्वार खोलने के उद्देश्य से 4 लाइन के रूप में हमें एशिया का पहला ऐसा सड़क मार्ग मिला है जो लाइट एवं साउंड प्रूफ है और जो उत्तर से दक्षिण भारत को जोड़ता है ।

कांग्रेस के समय न सड़के थी न बिजली, कमलनाथ ने नहीं किया कर्जा माफ

श्री दुबे ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 2003 से पहले का मध्यप्रदेश और 2014 से पहले का भारत आज तेजी से बदल रहा है। 2003 के पहले कांग्रेस की सरकार हुआ करती थी तब इस जिले में न तो चलने के लिए सड़क थी न बिजली और न किसानों के लिए सिंचाई की व्यवस्था आम जनता किस स्तर का जीवन जी रही थी ये आपको जानना जरूरी है उसके बाद जब 2003 में भाजपा की सरकार आई तबसे जो विकास के कार्य हुए हैं उनका मूल्यांकन करिए आज हर गांव को सड़कों से जोड़ दिया गया है हर गांव में बिजली पहुंचा दी गई है स पूर्ण मध्य प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। वहीं कांग्रेस की नियत इसी से पता चल जाती है की जब 2018 में कांग्रेस की सरकार आई तो कमलनाथ जी ने सिर्फ भाजपा की शिवराज जी और मोदी जी की जनहितैषी योजनाओं को बंद करने का पाप किया बैगा जनजाति की माताओं बहनों को मिलने वाली सहायता राशि बंद की,संबल जैसी योजना जिसमे दुर्घटना में मृत्यु पर चार लाख रु मिलते उसे बंद किया,किसान स मान निधि योजना बंद की,यहां तक की कन्यादान जैसी महत्वपूर्ण योजना तक को बंद करके महापाप किया।किसानों के साथ छल किया उनसे10 दिन में कर्ज माफ का वादा करके 15 महीने में कुछ नही किया।

महिला स मान कांग्रेस का झूठ

श्री दुबे ने कहा कि,हॉल ही में मु यमंत्री शिवराज जी ने जो लाडली बहना योजना चलाकर बहनों के खाते में एक एक हजार रु भेजे तो कांग्रेस ने नारी स मान के नाम पर योजना चलाने का ढोंग शुरू कर दिया इन्होंने हर कदम पर जनता को छला है। भाजपा सरकार ने आज नल जल योजना के घर घर जल पहुंचाने का कार्य किया आयुष्मान योजना के तहत इलाज फ्री किया,उज्वला योजना के तहत माताओं बहनों को गैस चूल्हा सिलेंडर दिया,और ऐसी अनेकों योजनाओं से जनहित में लगातार कार्य कर रही है!

कांग्रेस ने ब्लॉक स्तर पर बनाये संगठन मंत्री

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ जी की पहल पर कांग्रेस के संगठनात्मक ढाँचे में पहली बार सृजित किया गया है जिसमें जिले के संगठन मंत्री के रूप में एड.पंडित पंकज शर्मा जी को नियुक्त किया गया और इसी परिपेक्ष्य में अब प्रत्येक ब्लाक में संगठन मंत्रियों की नियुक्ति की गयी है। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के सिवनी शहर के संगठन मंत्री भुवनेश्वर शु ला, सिवनी ग्रामीण ब्लाक से अशोक सिरसाम, बंडोल ब्लाक से राजमोहन सिंह बघेल, गोपालगंज ब्लाक से रामदयाल साहू, मुंगवानीकलां ब्लाक से महेश सनोडिया, बखारी ब्लाक से सुरेन्द्र सिंह राजपूत, चमारी ब्लाक से अमजद खान को ब्लाक स्तर पर संगठन मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद का दायित्व सौंपा गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने आशा व्यक्त की है कि आप श्रीमती सोनिया जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की भावनानुसार ब्लाक स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए सक्रियता से कार्य करेंगे।

टुकड़े-टुकड़े पाकिस्तान — 1 'पाकिस्तान' की कल्पना

'पाकिस्तान' यह आधी-अधूरी संज्ञा है. इस देश का पूरा नाम है — 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ पाकिस्तान' या 'पाकिस्तान इस्लामी गणतंत्र') दुनिया का पहला देश, जो इस्लामी राष्ट्र के रूप में बना. या यूं कहें कि दुनिया का पहला इस्लामी देश, जो 'इस्लाम' के कारण ही राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया.

प्रशांत पोळ

पाकिस्तान' यह आधी-अधूरी संज्ञा है. इस देश का पूरा नाम है — 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ पाकिस्तान'या 'पाकिस्तान इस्लामी गणतंत्र') दुनिया का पहला देश, जो इस्लामी राष्ट्र के रूप में बना. या यूं कहें कि दुनिया का पहला इस्लामी देश, जो 'इस्लाम' के कारण ही राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया.

इस 'पहले' इस्लामी राष्ट्र की कल्पना की थी, चौधरी रहमत अली ने. रहमत अली मूलतः पंजाब के होशियारपुर जिले से था. सन् 1933 में केंब्रिज विश्वविद्यालय में पढ़ते समय, उसने एक पर्चा निकाला था, जिसका शीर्षक था — 'अभी नहीं तो कभी नहीं' (Now or Never: Are we to live or perish for ever?). 1933 में लन्दन में अंग्रेजों ने भारत के विषय पर 'गोलमेज स मेलन' (Round Table Conference) बुलाया था. इस स मेलन में शामिल होने जा रहे प्रतिनिधियों के लिए यह पर्चा था. इसमें एक अलग 'इस्लामी' राज्य की कल्पना की गयी थी.

लेकिन गोलमेज स मेलन के प्रतिनिधियों ने इस पर्चे को सिरे से नकार दिया. अलग इस्लामी राज्य या राष्ट्र की कल्पना किसी के गले नहीं उतरी. अगले छह/सात वर्षों तक रहमत अली का यह सपना, भारतीय राजनीति के किसी कोने में, अंधकार में छिप गया था.लेकिन चालीस के दशक के शुरूआती दौर में, हिन्दुस्थान में 'मुस्लिम पहचान' आंदोलन का विषय बनता गया. हिन्दू ङ्क मुस्लिम दंगों की सं या बढ़ती गयीऽ और इसी दौर में मुस्लिम नेताओं को रहमत अली का वह सपना याद आया.

रहमत अली के सपने नाम 'पाकिस्तान' था. 'पाक' यानि अरबी भाषा में पवित्र और 'स्तान' का अरबी में अर्थ होता है ङ्क जगह. संस्कृत के 'स्थान' से स्तान शब्द आया है. अर्थात पाकिस्तान यानि 'पवित्र भूमि'. लेकिन इसमें एक और अर्थ छिपा था . इन नामों में बलोचिस्तान का तो उल्लेख है. लेकिन बंगाल का नहीं है.

रहमत अली के उस पत्रक (पर्चे) में एक वो य है, जिसे आज के सन्दर्भ में पढ़ने पर हंसी आती है — '(हमें यह यकीन हो चला है कि इस हिन्दू बहुल फेडरेशन में, जहां हम ठो ना रह हैं, वहां शांति और विकास संभव ही नहीं है, कारण यहां हमारी आत्मा और हमारे भविष्य के हम मालिक नहीं हैं.)

इस पर्चे में रहमत अली ने, डॉ टर सर मुह मद इकबाल के उस प्रस्ताव का विरोध किया था, जिसमें उन्होंने ('पाकिस्तान' यह नाम लिए बगैर) उत्तर-पश्चिम के चार प्रान्त मिलाकर एक मुस्लिम फेडरेशन की कल्पना की थी.इस पत्रक के बाद रहमत अली ने अपने नाम के आगे 'Founder – Pakistan National Movement' ऐसा लिखना प्रारंभ किया. 36 वर्ष का यह युवक, पाकिस्तान को जन्म देते समय केंब्रिज विश्वविद्यालय में बी.ए. की उपाधि प्राप्त कर रहा था. 1940 में उसने एम.ए. किया.

'पाकिस्तान' की कल्पना के एक वर्ष पश्चात, सन् 1934 में रहमत अली, मोह मद अली जिन्ना से पहली बार मिला. जिन्ना उस समय इंग्लैंड में चार वर्ष बिताने के बाद भारत में लौटने की तैयारी में थे. जिन्ना ने रहमत अली को सुनने के बाद कहा ङ्क ०माय डिअर बॉयऽ इतनी जल्दी मत करो. बहता हुआ पानी अपना रास्ता ढूंढ ही निकालता है..!०

रहमत अली चुप बैठने वालों में से नहीं था. सन् 1935 में उसने अपनी पुस्तक प्रकाशित की — Pakistan : The Fatherland of Pak Nation. इस पुस्तक में उसने विस्तार से प्रस्तावित पाकिस्तान का वर्णन किया था. नक्शे दिए थे. मजेदार बात यह, कि इस पुस्तक में भी दूर ङ्क दूर तक बंगाल का जिक्र नहीं था. 'इस्लाम' के आधार पर राष्ट्र खड़ा करने की वकालत उसने इस पुस्तक में की थी.

1940 के मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में, जिन्ना ने पहली बार, मुस्लिम राष्ट्र के बारे में अपनी राय बेबाकी से रखी. जिन्ना ने 'ईस्टर्न ज़ोन' की बात कही. लेकिन इस भाषण में 'पाकिस्तान' शब्द गायब था.जिन्ना ने सार्वजनिक रूप से 'पाकिस्तान' का उल्लेख किया, सन् 1943 में. रहमत अली का सपना, ठीक दस वर्ष बाद लोगों के बीच चर्चा का विषय बन सका..!

पाकिस्तान के इस आंदोलन के दौरान पूरे समय, रहमत अली इंग्लैंड में ही रहा. 1947 में पाकिस्तान बना, जो रहमत अली की कल्पना से छोटा था. रहमत अली पूरा पंजाब चाहता था, कश्मीर चाहता था. हालांकि बंगाल उसकी प्रारंभिक योजना का हिस्सा नहीं था, जो पाकिस्तान को 'डायरे ट ऐ शन डे' की दहशतगर्दी के कारण मिल गया.

पाकिस्तान बनने के बाद रहमत अली, अप्रैल 1948 में पाकिस्तान आया. जिन्ना पाकिस्तान के गवर्नर जनरल बन गए थे. पाकिस्तान के लिए लड़ने वाले सत्ता के विभिन्न पदों पर आसीन थे. इन सब के बीच में रहमत अली की कोई भूमिका ही नहीं थी. उसके अस्तित्व को किसी ने देखा भी नहीं.लेकिन बाद में, रहमत अली के जो हाल पाकिस्तान ने किये, लगता है, यह पाकिस्तान की फितरत में ही था०

सितंबर 1948 में जिन्ना की मौत हुई. वजीरे आजम लियाकत अली खान के पास अब पाकिस्तान की कमान थी. ठीक एक महीने बाद, अक्तूबर 1948 को, लियाकत अली ने, रहमत अली को, उसका बोरिया बिस्तर बांध कर पाकिस्तान से भगा दिया..! जी हां. शब्दशः भगा दियाऽअब रहमत अली बिलकुल रास्ते पर था. उसके पुरखों का घर, जो भारत के पंजाब में था, बिक चुका था. पाकिस्तान से उसको भगाया गया था. अंत में थक हार कर वो फिर से इंग्लैंड आ गया.

पाकिस्तान के सपनों का सौदागर, 'पाकिस्तान' इस शब्द का जन्मदाता रहमत अली, इंग्लैंड में भीख मांगकर अपना गुजारा कर रहा था. आखिरकार 1951 के प्रारंभ में, इंग्लैंड में, गरीबी और गुमनामी में उसकी मौत हुई. एक ह ते तक उसका शव सड़ता रहा. कोई देखने वाला नहीं था. आखिरकार, केंब्रिज के उसके कॉलेज ने उसके शव को सुपुर्द खाक किया.रहमत अली की कब्र आज भी केंब्रिज के कब्रस्तान में पाकिस्तानी फितरत की गवाही देते खड़ी हैंऽ!

पाकिस्तान के प्रारंभिक आंदोलन में बंगाल नहीं था. पंजाब और सिंध से उसका भौगोलिक अंतर यह एक बड़ा मुद्दा था. लेकिन मुस्लिम लीग का जबरदस्त प्रभाव बंगाल पर पड़ता गया. प्रारंभ से ही मुस्लिम लीग ने वहां पर आक्रामक भूमिका ली थी. झगड़ों में, दंगों में मुस्लिम लीग हमेशा हिंसक रहती थी. भद्र (स य) बंगाली समाज उसका हिंसक विरोध करने में पीछे हटता था.

1937 के प्रांतिक चुनाव में कांग्रेस, बंगाल में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी. उसने संयुक्त सरकार भी बनाई थी. लेकिन 1939 में ब्रिटिश सरकार के विरोध में कांग्रेसी मंत्रिमंडल ने इस्तीफा दिया और बंगाल को मुस्लिम लीग की झोली में डाल दियाऽ और तभी से पाकिस्तान की चर्चा में बंगाल का उल्लेख होने लगा. 1946 में मुस्लिम लीग के सुहरावर्दी, बंगाल के वज़ीर आजम चुने गए. अपने पद पर आसीन होने के मात्र साढ़े तीन महीने के अंदर, सुहरावर्दी ने बंगाल में जबरदस्त, खू खार 'डायरे ट ऐ शन डे' मनाया. एक दिन में दस हजार हिन्दुओं को मौत के घाट उतारा.

इस नृशंस घटना से दो बातें हुईं. देश के बंटवारे का विरोध करने वाली कांग्रेस, मुस्लिम लीग की जिद के आगे झुक गई. और दूसरी बात ङ्क होने जा रहे पाकिस्तान का, बंगाल यह अभिन्न अंग रहेगा, यह सिद्ध हुआ.

भारत में दंगों का इतिहास तो पुराना है. अगस्त 1893 को मुंबई में पहला मुसलमान ङ्क हिन्दू दंगा हुआ. किन्तु इसके बाद का इतिहास देखेंगे तो मुस्लिम आक्रामकता के कारण हुए दंगों की सं या क्रमशः बढ़ती हुई दिखती है. विशेषतः चालीस का दशक, दंगों का दशक था. मुस्लिम लीग की इस आक्रामक शैली का सामना करने के लिए न तो कांग्रेस के पास नेतृत्व था, और न ही नीति. पाकिस्तान के निर्माण में यह घटक सबसे महत्वपूर्ण रहा. गांधी जी ने पश्चिमी पंजाब के सरकारी सहायता शिविर में (जो बाद में पाकिस्तान का हिस्सा बनने वाला था) हिन्दू — सि खों से, सार्वजनिक रूप कहा था, 'मुस्लिम लीग को पाकिस्तान चाहिए था, इसलिए वे हिंसक हुए थे. अब तो उनको पाकिस्तान मिल गया है. वे अबे यों दंगा करेंगे? आप को मारेंगे? इसलिए आप को भारत में आने की आवश्यकता नहीं है. आप तो यहीं रहिए'. दुर्भाग्य से सबसे भयानक दंगे, विभाजन के बाद, सितंबर, अक्तूबर और नवंबर में हुए, जिसमें लाखों हिन्दू ङ्क सि ख मारे गए, विस्थापित हुए.

संक्षेप में, पाकिस्तान की निर्मिती में दंगों की बड़ी भूमिका थी.

प्रस्तावित पाकिस्तान में अब शामिल होने जा रहे राज्य थे ङ्क सिंध पूरा, पंजाब (विभाजित), बंगाल (विभाजित). नॉर्थ वेस्ट फ्रंटियर प्रोविंस की स्पष्टता नहीं थी, कारण वहां पर कांग्रेस का शासन था. किन्तु बाद में नेहरू की जिद के कारण, यह प्रदेश पाकिस्तान को मिला. कश्मीर तो अलग और स्वतंत्र रियासत थी और बलूचिस्तान ने अपना निर्णय, पाकिस्तान बनने के मात्र तीन दिन पहले लिया ङ्क स्वतंत्र रहने का. अर्थात् रहमत अली ने जिस पाकिस्तान की कल्पना की थी, उसमें से बलोचिस्तान और काश्मीर, पाकिस्तान के जन्म के समय पाकिस्तान का हिस्सा नहीं थे. जो बंगाल कल्पना में नहीं था, वह विभाजित ही सही, पाकिस्तान का अंग बन चुका था. अर्थात, 14 अगस्त 1947 को, जिस पाकिस्तान ने जन्म लिया, वह एक देश कम, भानुमति का कुनबा ज्यादा था..!

शायद इसीलिए, जल्दी ही विभाजन के रास्ते पर पाकिस्तान का प्रवास शुरु होने वाला था..!

युवा मतदाताओं को जोड़ने राजनीतिक दल करें सहयोग - मु य निर्वाचन पदाधिकारी

मु य निर्वाचन पदाधिकारी ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

भोपाल। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत दो अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की जानकारी दी। बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को बढ़े हुए मतदान केंद्र, कुल मतदाताओं की सं या और अगस्त माह में लगने वाले विशेष शिविर के बारे में जानकारी दी गई। युवा मतदाता अधिक से अधिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं इसके लिए राजनीति दलों से सहयोग करने की मु य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील की। बैठक में राजनीतिक दलों द्वारा सुझाव दिए गए।

बैठक में अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कौल, संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह, श्री बसंत कुर्रे, उपमु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद शु ला, भारतीय जनता पार्टी से श्री एसएस उप्पल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से श्री जेपी धनोपिया, श्री महेंद्र जोशी, आम आदमी पार्टी से श्री सुमित चौहान, बहुजन समाज पार्टी से श्री सील्ल गौतम, क युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से श्री रामचंद्र उपस्थित थे।

423 मतदान केंद्र बढ़े

प्रदेश में मतदान केंद्रों की सं या में बढ़ोत्तरी हुई है। यह बढ़कर 64 हजार 523 हो गई है। 423 मतदान केंद्र बढ़ गए हैं। इससे पहले प्रदेश में मतदान केंद्रों की सं या 64 हजार 100 थी।

1 अ टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे नागरिक मतदाता सूची में जुड़वाएं नाम

मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने ऐसे सभी मतदाताओं से आग्रह किया है जो 1 अ टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं तथा जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा हैं वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं। श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के वर्तमान निर्देशों के पालन में अर्हता तिथि 1-10-2023 के संदर्भ में दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। इस पुनरीक्षण अवधि के दौरान अगले वर्ष की भविष्य की अर्हता तिथियों के लिए कोई अग्रिम आवेदन प्राप्त नहीं किए जाएंगे।

सभी राजनीतिक दल बीएलए की नियुक्त करें

मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने मान्यता प्राप्त सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि सभी राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केंद्र में बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें तथा सक्रियता से सहयोग करने हेतु प्रोत्साहित करें।

5 करोड़ 44 लाख 52 हजार 522 हुई मतदाताओं की सं या

प्रदेश में मतदाताओं की सं या में बढ़ोत्तरी हुई है। अब मतदाताओं की सं या 5 करोड़ 44 लाख 52 हजार 522 हो गई है। इसमें सामान्य मतदाताओं की सं या 5 करोड़ 43 लाख 77 हजार 095 है, (जिसमें पुरूष मतदाताओं की सं या 2 करोड़ 81 लाख 26 हजार 191 है। महिला मतदाताओं की सं या 2 करोड़ 62 लाख 49 हजार 578 है, जबकि थर्ड जेंडर 1326)। सेवा मतदाता 75 हजार 427 है, (जिसमें पुरूष मतदाताओं की सं या 73142 और महिला मतदाता 2285) है। इस प्रकार प्रदेश में कुल मतदाताओं की सं या 5 करोड़ 44 लाख 52 हजार 522 है।

शनिवार एवं रविवार को लगेंगे विशेष शिविर

द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत शनिवार एवं रविवार को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 12, 13 और 19 एवं 20 अगस्त को लगाएं जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

31 अगस्त तक लिए जाएंगे आवेदन

2 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन और दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही जो नागरिक 1 अ टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन लिए जाएंगे। 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण 22 सितंबर तक किया जाएगा। 4 अ टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

स्कूली बच्चों द्वारा सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान की मनमोहक प्रस्तुति

प्रदेश में पहली बार हुई सांकेतिक भाषा में भाषण, कविता गायन प्रतियोगिताएँ

भोपाल। आयुक्त निशक्तजन कल्याण श्री संदीप रजक के मु य आतिथ्य में भोपाल के क्विना बांग हाई इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों द्वारा सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान प्रस्तुति के साथ भाषण एवं कविता गायन प्रतियोगिताएँ हुई। मध्यप्रदेश में पहली बार होने वाले इस तरह के पहले आयोजन के लिये निशक्तजन कल्याण आयुक्त ने स्कूल और बच्चों की सराहना की। स्कूल द्वारा सौंपे गये काम के रूप में बच्चों ने ग्रीष्म कालीन अवकाश में साइन लेंग्विज न केवल सीखी बल्कि उसमें योग्यता भी हासिल की।

रजक ने कहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार साइन लेंग्विज में भाषण और कविता गायन की प्रतियोगिता हुई है, जो अन्य लोगों और स्कूलों के लिये आदर्श बनेगी। सांकेतिक भाषा का प्रसारण होने से श्रवण बाधित दिव्यांगजनों को समाज की मु य धारा में शामिल होने में मदद मिलेगी। प्रतिभागियों द्वारा स्वर रहित अभिव्यक्ति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मध्यप्रदेश में पहली बार हो रहे स्वर रहित राष्ट्रगान ने भी विद्यार्थियों में जोश और उत्साह का संचार किया। श्री रजक ने सांकेतिक भाषा को पाठ्यक्रम में शामिल करने का शासन से अनुरोध करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन अन्य स्कूलों में भी किये जा सकते हैं।

प्रतीकात्मक शैली में हुए कार्यक्रम में हुई प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डेफ केन फाउंडेशन की सचिव श्रीमती प्रीति शाह सोनी, भाषा अनुवादक श्री प्रदीप लूथरा और सहायक संचालक आयुक्त निशक्तजन श्री सुनील शर्मा थे। विद्यालय के प्राचार्य श्री आशीष अग्रवाल ने बच्चों की सशक्त भाव-भंगिमा और अभिव्यक्ति की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन श्रीमती तनुजा दधीचि, श्रीमती मेघा भट्ट और श्री श्वेता जैन द्वारा किया गया।

नूंह का प्रायोजित दंगा - देशभर में बढ़ती मजहबी हिंसक घटनाओं की डिकोडिंग

इस मजहबी हमले में यात्रियों की जान बचाने में दो होमगार्ड जवान मौके पर ही वीरगति को प्राप्त हुए जबकि कुल 24 घायलों में इलाज के दौरान 03 अन्य की मृत्यु होने की सूचना है जबकि 4 की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

डॉ. उत्तम मोहन सिंह मीणा

कल हिंदू श्रद्धालुओं द्वारा शांतिपूर्वक निकल रही ब्रज मंडल 84 कोस शोभायात्रा पर हरियाणा के मेवात (नूह) में मजहबी उन्मादी भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद सामने आए अलग-अलग वीडियो और सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट होता है की हिंदू श्रद्धालुओं पर हुआ यह जानलेवा हमला कोई तात्कालिक घटना नही बल्कि पूरी तरह से प्रायोजित थी। अचानक हुए इस हमले में पत्थर, लाठी, धारदार हथियारों का जमकर प्रयोग हुआ जबकि प्रत्यक्षदर्शियों ने हमले के दौरान लगातार गोलियां चलने की आवाज भी सुनने की बात कही। इस मजहबी हमले में यात्रियों की जान बचाने में दो होमगार्ड जवान मौके पर ही वीरगति को प्राप्त हुए जबकि कुल 24 घायलों में इलाज

के दौरान 03 अन्य की मृत्यु होने की सूचना है जबकि 4 की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। मजहबी भीड़ ने इंसानों के साथ वाहनों को भी अपना निशाना बनाया। आग लगा कर फूंक दिए गए 80 वाहनों में 8 वाहन पुलिस के थे, जबकि कुल 135 से 150 वाहनों को क्षतिग्रस्त किया गया। आसपास के जिलों के पुलिसबल के घटनास्थल पर पहुंचने तक मजहबी उन्मादी भीड़ लगभग 6 घंटो तक उत्पात मचाती रही।

देश मे इस प्रकार के दंगे और हिंदुओ की धार्मिक यात्राओं पर हमले होना कोई नई बात नही है किंतु पिछले 10 सालों के मध्य हुए मामलों को गौर से देखें तो इसमें एक पैटर्न नजर आता है। दंगा फसाद करने वाली भीड़ एक निश्चित तरीके से हमला करती है, हमले की पूर्व योजना तैयार की जाती है, घरों की छतों पर पहले से पत्थर जमा किए जाते है, हथियार जुटाए जाते है, स्थानीय संसाधनों को हथियारों के रूप में रूपांतरित कर लिया जाता है। इस तरह के हमले में महिलाओं और बच्चों का भी जमकर उपयोग किया जा रहा है। हमला करने वाले सबसे पहले अपनी पहचान छुपाने के लिए अपने चेहरे को कपड़ो से ढक लेते है और सबूत न रहे इसलिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ देते है।

दंगाइयों का एक जत्था हमला करता है और पीछे हट जाता है, तब तक दूसरा जत्था पत्थर और हथियारों के साथ फ्रंट मोर्चा स हलता है। घरों की छतों से औरते, बच्चे और वृद्ध पत्थरों की बारिश करते है। दिल्ली दंगों में तो छतों पर बड़ी-बड़ी गुलेल बनाई गई थीं, जिस प्रकार से बड़े-बड़े पत्थर तेज गति से आ रहे थे संभव है वैसी ही गुलेल नूह में प्रयोग में लाई गई होंगी। कश्मीर, पश्चिम बंगाल और दिल्ली दंगों में भी इसी प्रकार की रणनीति का प्रयोग दंगाइयों द्वारा किया गया था। यह इसलिए भी चिंतनीय है योंकि कश्मीर में हिंदुओ और सेना के विरुद्ध दंगा करने की इस तरह की ट्रेनिंग विदेशी एजेंसियों द्वारा दी गई थी, नूह पूरे एशिया में सबसे संवेदनशील क्षेत्र बन चुका है इसलिए संभव है की विदेशी एजेंसियों द्वारा इस प्रकार का प्रशिक्षण यहां भी दिया गया हो। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है की देशभर में इस प्रकार के अनेक नूह तैयार हो रहे है और नियमित रूप से उनका प्रशिक्षण भी हो रहा है, जबकि हमारे समाज में शत्रु बोध का अभाव ही बना हुआ है। इस तरह के हमलों से बचाव की रणनीति तो दूर सामान्य जनमानस में इन विषयो को लेकर जागरूकता का भी सर्वथा अभाव है।

अग्निवीर भर्ती रैली 20 से 26 अगस्त तक भोपाल में

भोपाल। सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा 20 से 26 अगस्त 2023 तक लाल परेड मैदान, भोपाल में मध्यप्रदेश के 9 जिलों भोपाल, बैतूल, छिंदवाडा, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, राजगढ़, सीहोर और विदिशा के पुरुष उ मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर` लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर एवं अग्निवीर ट्रेड्समेंन भर्ती रैली की जा रही है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी, नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी, नर्सिंग सहायक पशु चिकित्सा की भी सेना भर्ती रैली का साथ में की जा रही है। लाल परेड मैदान में हो रही अग्निवीर भर्ती रैली में 20 से 25 अगस्त तकअग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर `लर्क, अग्निवीर स्टोर कीपर, अग्निवीर ट्रेड्समैन तथा 26 अगस्त को सिपाही फार्मा और सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक एवं सिपाही तकनीकी नर्सिंग, सहायक पशु चिकित्सा की भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। सेना द्वारा अप्रैल 2023 में ली गई ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई में उत्तीर्ण उ मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। योग्य अ यर्थियों को प्रवेश पत्र उनकी ई-मेल पर भेजा जा चुका है। रैली भर्ती में शामिल होने वाले अ यर्थियों को प्रवेश पत्र पर अंकित तिथि के एक दिन पहले विश्राम स्थली में रात्रि 11 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा, इन अ यर्थियों की दौड़ रात्रि 1 बजे प्रारंभ होगी। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागियों को रैली अधिसूचना के अनुसार एडमिट कार्ड एवं सभी दस्तावेज और आधार कार्ड से लिंक मोबाईल न बर भी लेकर आना अनिवार्य है।

द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की राजनैतिक दलों को दी गई जानकारी

स्टेडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- गोलमेज सभाकक्ष में फोटोयुक्त मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा राजनैतिक दलों के पुनरीक्षण की गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयान्स कूमट, अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

युक्तियुक्तकरण के पश्चात 945 मतदान केन्द्र

कले टर ने बताया कियुक्तियुक्तकरण के पश्चात जिले में मतदान केन्द्रों की कुल सं या 945 है। विधानसभा बिछिया में 304, निवास में 321 तथा मंडला में 320 मतदान केन्द्र नियत किए गए हैं। बिछिया विधानसभा के लूरी मतदान केन्द्र को विलोपित किया गया है तथा जोगीसोढ़ा, मैनपुरी, अंजनी रैयत एवं बदवार में नवीन मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार मंडला विधानसभा में खुर्सीपार और केवलारी में नवीन मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

पुनरीक्षण गतिविधियों का समयबद्ध कार्यक्रम

स्टेडिंग कमेटी की बैठक में कले टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है जिसके अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 2 अगस्त को किया गया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को मतदाता सूची एवं सीडी का निःशुल्क वितरण किया गया। संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत 2 से 31 अगस्त 2023 तक दावे-आपत्तियां दर्ज की जाएगी। विशेष अभियान 12, 13, 19 एवं 20 अगस्त 2023 को संचालित किया जाएगा। दावे-आपत्तियों का निराकरण 22 सित बर 2023 तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 4 अे टूबर 2023 को किया जाएगा।

12 से 13 अगस्त 2023 एवं 19 से 20 अगस्त 2023 को विशेष कै प आयोजित होंगे जिसमें बीएलओ अपने मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर दावे-आपत्तियां प्राप्त करेंगे। ऐसे व्यक्ति जो 1 अे टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं को अपने वोटर कार्ड में किसी प्रकार का सुधार कराना है, वे भी फॉर्म-8 भरकर उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत सुधार की कार्यवाही करा सकते हैं। फॉर्म-7 नाम काटने से संबंधित निर्धारित प्रारूप है।

वर्तमान में जिले में 776992 मतदाता

कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की दिनांक 2 अगस्त की स्थिति के अनुसार जिले में कुल 776992 मतदाता हैं जिनमें 385226 पुरूष, 391756 महिला एवं 10 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। जिले का जेंडर रेशो 1016.95 तथा ईपी रेशो 62.47 है। विधानसभा बिछिया में कुल 253160 मतदाता हैं जिनमें 125461 पुरूष, 127697 महिला एवं 2 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। बिछिया का जेंडर रेशो 1017.82 तथा ईपी रेशो 61.31 है। विधानसभा निवास में कुल 260976 मतदाता हैं जिनमें 128969 पुरूष, 132001 महिला एवं 6 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। निवास का जेंडर रेशो 1023.50 तथा ईपी रेशो 62.82 है। विधानसभा मंडला में कुल 262856 मतदाता हैं जिनमें 130796 पुरूष, 132058 महिला एवं 2 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। मंडला का जेंडर रेशो 1009.64 तथा ईपी रेशो 63.28 है।

तीनों विधानसभा में 9954 दिव्यांग मतदाता

जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी की बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले की तीनों विधानसभाओं में कुल 9954 दिव्यांग मतदाता हैं जिनमें 5364 पुरूष तथा 4591 महिला है। बिछिया विधानसभा के अंतर्गत कुल 3186 दिव्यांग मतदाताओं में से 1749 दिव्यांग पुरूष मतदाता एवं 1437 दिव्यांग महिला मतदाता हैं। निवास विधानसभा के अंतर्गत कुल 3429 दिव्यांग मतदाताओं में से 1836 दिव्यांग पुरूष मतदाता एवं 1593 दिव्यांग महिला मतदाता हैं। मंडला विधानसभा के अंतर्गत कुल 3339 दिव्यांग मतदाताओं में से 1778 दिव्यांग पुरूष मतदाता एवं 1561 दिव्यांग महिला मतदाता हैं।

80 वर्ष से अधिक आयु के 6868 मतदाता

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले की तीनों विधानसभाओं में 80 वर्ष से अधिक आयु के कुल 6868 बुजुर्ग मतदाता हैं जिनमें 2481 पुरूष तथा 4387 महिला है। बिछिया विधानसभा के अंतर्गत कुल 2332 बुजुर्ग मतदाताओं में से 791 पुरूष मतदाता एवं 1541 महिला मतदाता हैं। निवास विधानसभा के अंतर्गत कुल 2356 बुजुर्ग मतदाताओं में से 862 पुरूष मतदाता एवं 1494 महिला मतदाता हैं। मंडला विधानसभा के अंतर्गत कुल 2180 बुजुर्ग मतदाताओं में से 828 पुरूष मतदाता एवं 1352 महिला मतदाता हैं।

26671 मतदाता 18-19 आयु वर्ग के

जिले की तीनों विधानसभाओं में 18-19 आयु वर्ग के कुल 26671 मतदाता हैं जिनमें 13576 पुरूष तथा 13095 महिला है। बिछिया विधानसभा के अंतर्गत 18-19 आयु वर्ग के कुल 8521 मतदाताओं में से 4466 पुरूष मतदाता एवं 4055 महिला मतदाता हैं। निवास विधानसभा के अंतर्गत 18-19 आयु वर्ग के कुल 9059 मतदाताओं में से 4547 पुरूष मतदाता एवं 4512 महिला मतदाता हैं। मंडला विधानसभा के अंतर्गत 18-19 आयु वर्ग के कुल 9091 मतदाताओं में से 4563 पुरूष मतदाता एवं 4528 महिला मतदाता हैं।

कले टर ने किया घंसौर क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने बुधवार 3 अगस्त को घंसौर विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए प्रस्तावित किए गए मतदान केन्द्रों के पहुंच मार्ग, बिजली, पानी, शौचालय, रैप सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यकतानुरूप सुधार कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कले टर श्री सिंघल ने आज से मतदान केन्द्रों में किए जा रहे मतदाता सूची के वाचन कार्यवाही का भी अवलोकन कर से टर अधिकारियों एवं बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रारूप मतदाता सूची के वाचन कार्यवाही को पूरी गंभीरता से पूर्ण किया जाए। वाचन उपरांत स्थानीय रहवासियों से प्राप्त दावा-आपत्तियों का सत्यापन कर मतदाता सूची में सुधार की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

कले टर ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने बुधवार 3 अगस्त को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला चिकित्सालय के एनआरसी, मेल वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, पैथोलॉजी के साथ ही अन्य वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपचाररत मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। कले टर श्री सिंघल ने मेडिकल बोर्ड की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि मरीजों से अच्छा व्यवहार करें तथा उनकी समस्या को समझ कर त्वरित रोगोपचार की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कले टर श्री सिंघल ने सिविल सर्जन श्री नावकर को चिकित्सालय में ड्यूटी डॉ टरों के लिए चैबर की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इसी तरह उन्होंने कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग को चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में आए सीपेज की आवश्यक मर मत करवाने के निर्देश दिए।

अज्ञात महिला का मिला शव

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के लखन वाडा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालगंज में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। इसके बाद महिला के शव का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय सिवनी लाया गया। लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के गोपालगंज पुलिस सहायता केंद्र के एएसआई बीएल डेहरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विवेक पिता संतोष दुबे ने शिकायत दर्ज कराई कि हमारे घर के टीन शेड के नीचे कोई अज्ञात महिला पड़ी हुई है।

घटना स्थल पर जाकर देखा गया, तो एक महिला मृत अवस्था में मिली। पूछताछ पर पता चला कि महिला 2, 3 माह से बनी मजदूरी करती थी। उम्र लगभग 40 वर्ष साड़ी पहने हुए हैं। इसके बाय हाथ में कुछ दिन पहले लगी थी। चोट लगने से हाथ गलने लगा था। मृत महिला को जिला चिकित्सालय मैं शिना त के लिए रखा गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

केन्द्रीय मंत्री कुलस्ते का दौरा कार्यक्रम

सिवनी यशोः- केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते प्राप्त अधिकृत कार्यक्रमानुसार शुक्रवार 4 अगस्त को मण्डला से प्रस्थान कर प्रातः 11.15 बजे लखनादौन पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं शाम 6.00 बजे मण्डला के लिए प्रस्थान करेंगे।

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी वितरण के लिए वाहन विक्रेताओं की बैठक आयोजित

सिवनी यशोः- प्रदेश शासन की मु यमंत्री स्कूटी योजना अंतर्गत पात्र प्रतिभावान छात्राओं को लाभांवित करने के उद्देश्य से बुधवार 02 अगस्त को कले ट्रेट सभाकक्ष में जिले के स्कूटी वाहन विक्रेताओं की बैठक अपर कले टर श्री सीएल चनाप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में श्री चनाप द्वारा वाहन विक्रेताओं को योजना के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया गया कि योजनांतर्गत कक्षा 12वी के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा स्कूटी वाहन प्रदान किए जाने हेतु मु यमंत्री स्कूटी योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में प्रारंभिक रूप से 202 छात्र-छात्राएं चिन्हांकित हैं, जिन्हें योजनांतर्गत निःशुल्क स्कूटी वाहन प्रदान किया जाना है। उन्होंने निर्देशित किया कि चिन्हांकित छात्र-छात्रओं को उनकी इच्छानुरूप कोटेशन प्रदान कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत किया जाए, ताकि वाहनों की भुगतान कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सभी वाहन विक्रेताओं को निर्देशित किया कि योजनांतर्गत चिन्हांकित वाहन शासन द्वारा निर्धारित उच्च गुणवत्ता के हो तथा तय समय सीमा में उपलब्ध कराएं जाए।

मेडिकल कॉलेज का श्रेय ना ले सिवनी विधायक- कांग्रेस

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवंशी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि कमलनाथ जी के 15 माह के कार्यकाल का रोना रोने वाले विरोधी सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन अपने 10 वर्षो के नाकाम कार्यकाल की चर्चा यों नहीं करते ?, कमलनाथ जी वचन के पक्के नेता है इस बात की तारीफ उनके विरोधी भी करते है। सिवनी मेडिकल कालेज की घोषणा दिनेश राय मुनमुन की नही थी, यह घोषणा मध्यप्रदेश के मु यमंत्री शिवराजसिंह चैहान की थी जो कि 18 वर्षो के कार्यकाल में भी पूर्ण नही कर पायें। अभी तक सिवनी मेडिकल कॉलेज निर्माणधीन है और आने वाले 2-3 वर्षो तक मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हो ऐसी कोई संभावना नही है। मु यमंत्री शिवराजसिंह चैहान ने सिवनी को संभाग का मु यालय बनाने की घोषणा की तो सिवनी अभी तक संभाग यों नहीं बना ?, यह बात सिवनी विधायक को बताना चाहिये। सेवकराम चन्द्रवंशी ने आगे बताया कि छिंदी-नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर जो कि औद्योगिक दृष्टि और रोजगार के लिए सिवनी की जीवन रेखा बन सकता था, सिवनी के हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकते थे। नेशनल हाईवे 44 ग्वालियर, सागर, नरसिंहपुर से सिवनी होते हुये नागपुर होना चाहिए था, किन्तु मु यमंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा सिर्फ अपनी विधानसभा क्षेत्र को लाभ पंहुचाने के लिए ग्वालियर से भोपाल, होशंगाबाद, बैतुल होते हुए नागपुर कर दिया गया, यह सिवनी वासियों के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात हुआ है, सिवनी विधायक ने इस कॉरिडोर को सिवनी से लाये जाने के लिए` या प्रयास किये ?, 10 वर्षो के कार्यकाल में अनेक चुनावी घोषणा करने वाले सिवनी विधायक सिवनी की जनता को यह बताना चाहिये कि उनमें से कितनी घोषणाओं पर काम कर पाये ?, जो विधायक क्रिकेट किट, हाकी किट, ढोल मंजिरे, मंदिर-मझारों के चबूतरे के लिए विधायक निधि से देकर उसे विकास समझता हो ऐसे विधायक से सिवनी की जनतो` या अपेक्षा करेंगी।

सेवकराम चन्द्रवंशी ने कहा कि यदि 15 महिने में कमलनाथ जी ने सिवनी का अहित किया है तो 10 वर्षो के कार्यकाल में सिवनी विधायक एवं 18 वर्षो के कार्यकाल में मु यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने सिवनी के लिए कौन सा हित कर दिया है यह सिवनी की जनता को बताने का कष्ट करें विधायक ?, हर वर्ष फिल्मी कलाकारों का मजमा लगाने वाले सिवनी विधायक सिवनी के लिए ऐसा कोई काम नही कर पाये कि वह फिर से मजमा लगाये,` यों कि अब सिवनी की जनता जवाब मांग रही है। बार-बार कमलनाथ जी के 15 महीने के कार्यकाल को गिनाकर 18 वर्षो की नाकामियों को नहीं छिपाया जा सकता।

नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए चलेगा विशेष अभियान

द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत 2 अगस्त से 31 अगस्त तक, मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

सिवनी यशोः- मु य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 की गतिविधियां 2 अगस्त से शुरू हो रही है। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों के अंतर्गत 2 अगस्त को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक होगी उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही 2 अगस्त को मतदान केंद्र और जिला स्तर पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। प्रदेश के समस्त बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थिति रहेंगे। आगामी 3 अगस्त से 10 अगस्त तक से टर अधिकारी बीएलओ और मतदाताओं की उपस्थिति में मतदाता सूची का वाचन करेंगे। एक घर में छह से अधिक मतदाता होने पर से टर अधिकारी द्वारा उनका भौतिक सत्यापन किया जाएगा। दो अगस्त से 31 अगस्त के बीच प्रत्येक कार्यदिवस पर बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। इस संबंध में सभी कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

शनिवार एवं रविवार को लगेंगे विशेष शिविर

द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत शनिवार एवं रविवार को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 12, 13 और 19 एवं 20 अगस्त को लगाएं जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

31 अगस्त तक लिए जाएंगे आवेदन

मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही जो नागरिक 1 अे टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन लिए जाएंगे। आगामी 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण 22 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। चार अे टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

राज्य स्तरीय खेल पुरस्कारों की घोषणा

वर्ष 2022 के लिए 11 खिलाड़ियों को एकलव्य, 10 को विक्रम पुरस्कार

अनिल धूपर को लाइफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड

भोपाल। खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने वर्ष 2022 के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कारों की घोषणा की है। श्रीमती सिंधिया ने बताया कि वर्ष 2022 के लिए 11 खिलाडियों को एकलव्य पुरस्कार, 10 को विक्रम, एक प्रशिक्षक को विश्वामित्र तथा एक खेल हस्ती को लाइफ टाईम एचीवमेंट पुरस्कार से स मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 तक एकलव्य पुरस्कार विजेता को 25 हजार रूपये और विक्र म, विश्वामित्र और लाईफ टाईम अवार्ड के विजेताओं को 50 हजार रूपये की राशि दी जाती थी। वर्ष 2021 से सभी पुरस्कार राशि को बढ़ाया गया। अब एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को एक लाख रूपये और शेष को दो लाख रूपये की पुरस्कार राशि दी जाती है। वर्ष 2013 से पारंपरिक खेल मलखंब में उत्कृष्टता के लिए स्व. प्रभाष जोशी पुरस्कार प्रारंभ किया गया। जिसमें विजेताओं को दो लाख रूपये की राशि से स मानित किया जाता है।

एकलव्य पुरस्कार– वर्ष 2022 के एकलव्य पुरस्कार के लिए भोपाल के आस्था दांगी (याकिंग-केनोइंग), अमन सिंह बिष्ट (बॉक्सिंग), प्रज्ञा सिंह (फेंसिंग), आशी चौक से (शूटिंग) और सौ या तिवारी (क्रिकेट), राजगढ़ की रितिका दांगी (सेलिंग), देवास के अभिषेक परिहार (सॉ ट-टेनिस), इंदौर की पलक शर्मा (तैराकी), ग्वालियर की खुशबू (हॉकी), उज्जैन के दीपेश लश्करी (जिमनास्टिक) और इन्द्रजीत नागर को (मलखंब) खेल में एकलव्य पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

विक्रम पुरस्कार– वर्ष 2022 के विक्रम पुरस्कारों के लिए भोपाल के राजू सिंह (घुड़सवारी), देवास के आदित्य दुबे (सॉ ट-टेनिस), सीहोर की नीतू वर्मा (याकिंग-केनोइंग), अशोकनगर के भूरक्षा दुबे (बुश्), रायसेन की प्रगति दुबे (शूटिंग), इंदौर के सुबोध चौरसिया (सॉ टबाल) एवं आवेश खान को (क्रिकेट), ग्वालियर के नीरज राणा (हॉकी) तथा धनंजय दुबे (टेनिस) (दिव्यांग वर्ग में) तथा उज्जैन के राजवीर सिंह पंवार के नामों की घोषणा हुई है।

विश्वामित्र पुरस्कार– किसी भी खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सही प्रशिक्षण महत्पूर्ण होता है। इसमे प्रशिक्षक की अहम भूमिका होती है। वर्ष 2022 में विश्वामित्र पुरस्कार के लिए भोपाल की बैडमिंटन प्रशिक्षक श्रीमती रश्मि मालवीय का चयन किया गया है।

लाईफ टाईम एचीमेंट आवर्ड– वर्ष 2022 में राज्य स्तरीय लाईफ टाईम एचीमेंट पुरस्कार की श्रेणी में इंदौर के श्री अनिल धूपर (टेनिस) का चयन किया गया है।

भाजपा के कार्यकर्ता ही कर सकते हैं राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचाने का कार्यः नरेंद्रसिंह तोमर

कार्यकर्ता बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा- भाजपा सरकारों ने नहीं छोड़ी विकास में कोई कसर

उज्जैन। राष्ट्र और प्रदेश को परम वैभव की ओर ले जाने का काम आप भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ही कर सकते हैं। जब-जब भी आप दृढ़ निश्चय के साथ मैदान में उतरे हैं और मन लगाकर काम किया है, तब-तब पार्टी ने बहुमत से जीत हासिल की है। आने वाले समय में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। इन चुनावों में जीत के लिए आपको अभी से जुटना होगा। तभी राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचाने की हमारी संकल्पना पूरी होगी। यह बात केंद्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक श्री नरेंद्रसिंह तोमर ने बुधवार को उज्जैन संभागीय कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक के पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने महाकाल मंदिर पहुंचकर महाकालेश्वर भगवान के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

जनहित के कामों में भाजपा सरकारों ने नहीं छोड़ी कसर

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकारों ने जनकल्याणकारी कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मध्यप्रदेश सरकार ने लाडली लक्ष्मी, लाडली बहना जैसी योजना चलाई जिससे महिलाओं का आत्मस मान बढ़ा है। वहीं केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला, आयुष्मान भारत जैसी कई योजनाएं चलाईं

जिनसे जनता का कल्याण हुआ। पहले गरीब लोग बैंकों तक पहुंच नहीं पाते थे। प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार ने उनके जनधन खाते खोले और आज गरीब से गरीब आदमी भी बैंक जा रहा है। सरकार सीधे योजनाओं के पैसे खाते में डाल रही है, इससे गरीब व्यक्ति को सीधा लाभ मिल रहा है। अधोसंरचना की बात करें तो 2003 के पहले मध्यप्रदेश में मि.बंटाधार मु यमंत्री हुआ करते थे और प्रदेश की सड़कों पर चुटकुले बनने लगे थे। 2003 के बाद से जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से प्रदेश की सभी सड़कें बढ़िया हो गई हैं। पहले उज्जैन से भोपाल जाने में 4 से 5 घंटे लगते थे और गड्ढों का सामना करना पड़ता था। अब स्थिति यह है कि उज्जैन से भोपाल जाने में सिर्फ 2 घंटे का समय लग रहा है। आधे दिन में ही व्यक्ति काम निपटाकर भोपाल से उज्जैन वापस आ सकता है। प्रदेश में पहले सिर्फ 6 मेडिकल कॉलेज थे। अब मेडिकल कॉलेज की सं या 25 के करीब हो गई है।

सरकार और संगठन ने मिलकर की पीड़ितों की सेवा

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि भाजपा एक ऐसा संगठन है, जिसने कोरोना महामारी के समय सरकार के कंधे से कंधा मिलाकर जनता की काफी मदद की। हमारी पार्टी का कार्यकर्ता प्राण-प्रण और तन, मन एवं धन से जरूरतमंदों की सेवा में जुटा हुआ था। हमारी सरकारों ने जरूरतमंदों को दवाएं, राशन उपलब्ध कराकर कठिन समय में उनकी सहायता की। प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार ने काफी कम समय में चिकित्सा उपकरण और दो-दो वै सीन उपलब्ध कराई और देश की जनता को उस महामारी से बचाया।

बूथ स्तर पर योजनाओं का प्रसार करें कार्यकर्ता

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने खूब जन कल्याणकारी काम किए हैं और विकास भी किया है। लेकिन अब फिर से विधानसभा चुनाव आ रहे हैं और एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनाने के लिए आप कार्यकर्ताओं को लगना पड़ेगा। आप सब को बूथ स्तर तक जाकर सरकार की योजनाओं का ठीक ढंग से प्रचार-प्रसार करना होगा और जनता से सीधे बात करना पड़ेगी। तभी विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में हमारी जीत होगी। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस को परास्त करना है और इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग जरूरी है।

पूर्व आरटीओ बोरासी एवं कांग्रेस नेता व्यास ने ली भाजपा की सदस्यता

बैठक के दौरान पूर्व आरटीओ श्री जगदीश चंद्र बोरासी तथा कांग्रेस के नेता श्री रूपम व्यास ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्रसिंह तोमर ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल किया।

बैठक के दौरान मध्यप्रदेश शासन के मंत्री श्री मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी श्री आलोक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. चिंतामणि मालवीय, प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक श्री बहादुर सिंह चौहान, महापौर श्री मुकेश टटवाल, श्री जगदीश अग्रवाल, श्री इकबाल सिंह गांधी, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, पूर्व विधायक श्री लाल सिंह राणावत, सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री किशनसिंह भटोल, पूर्व विधायक श्री दिलीप सिंह शेखावत, श्री शांतिलाल धवई, प्रदेश प्रवक्ता श्री राजपाल सिंह सिसोदिया, उज्जैन जिला अध्यक्ष श्री विवेक जोशी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला, श्री रूप पमनानी, जिला महामंत्री श्री विशाल राजोरिया, श्री सत्यनारायण खोईवाल सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री श्री संजय अग्रवाल ने किया।

किशोर कुमार नाइट का भाजपा कार्यालय में आज

सिवनी यशोः- आगामी 4 अगस्त शुक्रवार को देश के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक किशोर कुमार गांगुली के 94

वीं जयंती पर किशोर कुमार नाइट कार्यक्रम का आयोजित भारतीय जनता पार्टी के बारापत्थर स्थित कार्यालय में किया गया है। भाजपा जिला कार्यालय में यह आयोजन सुर मिले मेरा तु हारा संगीत संस्था के द्वारा भव्य रूप से किया जायेगा आयोजन समिति के संजय प्रताप सिंह ने बताया कि 04 अगस्त को शाम 7:30 बजे भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वाधान में देश के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व. किशोर कुमार मध्यप्रदेश के गौरव को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिये यह भव्य आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम में बेहतर साऊंड सिस्टम,आकर्षक विद्युत व्यवस्था के बीच सुर मिले मेरा तु हारा संस्था के गायक कलाकारों द्वारा अपनी आवाज में किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी।

जिलेभर के मतदान केन्द्रों में हुआ प्रारूप प्रकाशन

मंडला यशोः- राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 अगस्त को मतदाता सूची के द्वितीय पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रारूप प्रकाशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदान केन्द्रों में प्रारूप प्रकाशन किया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में मतदाता सूची का वाचन भी किया गया। मतदाता सूची का वाचन 10 अगस्त 2023 तक मतदान केन्द्रों में किया जाएगा। 12 एवं 13 अगस्त तथा 19 तथा 20 अगस्त को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने एवं संशोधन करने विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। 31 अगस्त तक दावे आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

जनकल्याण की योजनाओं से महिलाएँ प्रसन्न - अर्चना बरनाल

आगे भी गरीब कल्याण और विकास के कार्यो के लिये आवश्यक है भाजपा की सरकारे बने

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला सिवनी द्वारा संपूर्ण जिला में महिला की जागरूकता से संबंधी सघन अभियान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे के मार्गदर्शन में मोर्चे की जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके द्वारा चलाया गया है इसके साथ ही संगठन की जिला इकाई की मजबूती के लिये तथा मोर्चे की पदाधिकारी और कार्यकर्त्ताओं की सक्रियता समाज के बीच बढाने के लिये महिला मोर्चा महाराष्ट्र प्रदेश की सचिव श्रीमती अर्चना बरनाल का जिले में तीन दिवसीय प्रवास हुआ है । जिन्होंने जिले के मंडलों में प्रवास कर महिला मोर्चा की मंडल इकाईयों से भेंट की और बूथ स्तर की बहिनों की बैठके लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क किया ।

महिला मोर्चे की गतिविधियों एवं महाराष्ट्र प्रदेश की सचिव के प्रवास के दौरान हुये कार्यक्रमों के संबंध में महिला मोर्चा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि महिला मोर्चे की महाराष्ट्र प्रदेश सचिव श्रीमती अर्चना बरनाल ने अपने प्रवास के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं आशा कार्यकर्ताओं से भेंट कर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं महिलाओं से संबंधित योजनाओं के मिल रहे लाभ की स्थिती के बारे में जानकारी ली और उन्हें जो जानकारी प्राप्त हुई उसके संबंध में उन्होंने बताया कि जिले में संपर्क के दौरान उन्हें पता चला है कि महिला हितग्राहियों के संबंध में शासन की जो योजनाएँ संचालित हो रही है उन योजनाओं का महिलाओं के बड़े वर्ग को लाभ मिल रहा है उन्होंने मु यमंत्री कन्यादान योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृत्व योजना, लाड़ली बहना योजना सहित स्वा सहायता समूहों की गतिविधियों की जानकारी एकत्रित की और सभी से संपर्क कर चर्चा की । उन्होंने बताया कि जिले में महिला हितो से जुड़ी योजनाओं का लाभ मातृशक्ति को प्राप्त हो रहा है । मध्यप्रदेश सरकार के यशस्वी मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मध्यप्रदेश की बहनो के लिये प्रारंभ की योजनाओं के संबंध में महिलाओं की अच्छी प्रतिक्रिया है और सभी प्रदेश के मु यमंत्री एवं भाजपा की सरकार से खुश है । श्रीमती बरनाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास की हितग्राही बहिनों से भी संपर्क किया और उनसे चर्चा की कुछ स्थानों में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भी शामिल हुई ।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि श्रीमती बरनाल के प्रवास के दौरान महिला मोर्चे की बहिनों की जिला एवं मंडल स्तर पर बैठके आयोजित की गयी । जिसमें उन्होंने कहा कि जिले में केन्द्र सरकार और प्रदेश की गरीब कल्याण की योजनाओं का व्यापक लाभ समाज को मिल रहा है सरकार के कल्याणकारी कदम से आमजनमानस में बेहतर प्रतिक्रिया है आमजनों की भावनाओं के अनुरूप भाजपा ने काम कर समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मु यधारा से जोड़ने के लिये अपनी ओर से बहुत शानदार प्रयास किये है । सरकार के इन प्रयासों को और आगे बढाने के लिये मातृशक्ति के बीच महिला मोर्चा की सक्रियता से केन्द्र और प्रदेश में भाजपा सरकारों की पुनः वापसी के लिये पूरी ताकत से जुटना है मातृशक्ति भाजपा के कामों से बहुत खुश है उनके बीच विरोधी राजनैतिक दल भ्रम उत्पन्न न करे इसके लिये 13 करणी कार्यो के साथ भाजपा महिला मोर्चा पूरी क्षमता के साथ जिले की चारों विधानसभाओं में जुट जाये।

श्रीमती बरनाल ने आज जिला मु यालय में अपने प्रवास के दौरान प्राप्त अनुभवों की जानकारी देने के लिये प्रेस वार्ता का आयोजन किया था परंतु अधिक वर्षा के कारण यह संभव नहीं हो सका उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय में महिला मोर्चे की वरिष्ठ नेत्रियों एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक ली इस बैठक में पूर्व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती मीना बिसेन, सुश्री रानी बघेल, श्रीमती कविता शर्मा, श्रीमती निशा नाग, श्रीमती किरण वाहने, श्रीमती नीतू दुबे, सुश्री बिंदू बघेल, श्रीमती रूकमणी सनोडिया, श्रीमती अनीता राठोर उपस्थित रही ।

जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर देगा अनिवार्यता मतदान करने का संदेश

सिवनी यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के लिए 1 अगस्त से जिले में मतदाता जागरूकता वाहन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह वाहन 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर एलईडी वाल के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेगा तथा निर्वाचन आयोग के संदेश को प्रसारित करेगा।

आंगनवाड़ी में वितरित की गई जरूरत की सामग्री'

मंडला यशोः- क्रेडिट ऐसेस ग्रामीण लिमिटेड बिछिया शाखा के द्वारा सामाजिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 20 (बीस) बेबी चेयर, 4 नीलकमल फाइबर चेयर, 2 मेट आंगनबाडी केंद्र चौरंगा जेजम टोला में प्रदान किया गया। शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष क्रेडिट ऐसेस ग्रामीण लिमिटेड के द्वारा सामाजिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत इसी प्रकार से जरूरत के स्थानों पर सामग्री वितरण, वाटर कूलर, आंगनवाड़ी केंद्रों में सामग्री वितरण आदि का कार्य किया जाता है और इस वर्ष आंगनवाड़ी केंद्र जेजम टोला चौरंगा में बच्चों के लिए कुर्सियां आदि सामग्री का वितरण किया गया है। उक्त कार्यक्रम में आँगनबाड़ी शिक्षिका श्रीमती राजकुमारी साहू , सहायिका लच्छो बाई एवं सभी बच्चों और सदस्यों के साथ ऐसेस ग्रामीण लिमिटेड के क्षेत्र प्रबंधक बंसोदी उइके, शाखा प्रबंधक नरेश पटेल, सहायक प्रबंधक लोकेश चौहान, के.एम. आनंद किशोर साहू एवं क्रेडिट ऐसेस ग्रामीण लिमिटेड के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रारूप प्रकाशन के संबंध में लो आरओ एवं एआरओ की बैठक

मंडला यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने 2 अगस्त 2023 को मतदाता सूची के द्वितीय पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत हुए प्रारूप प्रकाशन के संबंध में आरओ एवं एआरओ की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि सभी आरओ एवं एआरओ अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर आगामी 10 अगस्त तक प्रारूप वाचन का कार्य करेंगे। उन्होंने विधानसभावार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम काटने तथा नाम संशोधन की विस्तार से समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी फार्म-6, 7 एवं 8 की पेंडेंसी को प्राथमिकता से निपटाएं। साथ ही 1 अे टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले के फॉर्म-6 भरवाएं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को फॉर्म-6 भरने के दौरान जरूरी दस्तवेजों के संबंध में मार्गदर्शन दिया। साथ ही नाम काटने के लिए फॉर्म-7 तथा संशोधन के लिए निर्धारित फॉर्म-8 के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्देशित किया कि बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर के आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कराएं एवं उन्हें मार्गदर्शन दें। साथ ही सभी निर्वाचन संबंधी आदेशों का गंभीरता से अध्ययन करें।

महिला सिलाई का एक महीने का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

मंडला यशोः- सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) मंडला में 1 जुलाई से 30 जुलाई 2023 तक महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिले के समस्त विकासखंडों से आए प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया जिनमें जिले में एसएचजी समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद संपतिया उइके शामिल हुई। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से परिचय प्राप्त किया, साथ ही सभी को भविष्य में अपना स्वरोजगार स्थापित करने एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक सुजयकुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बैंक से स बंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं ऋण हेतु सहयोग की बात कही। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समापन कार्यक्रम में डायरे टर आरसेटी राजेश रॉय, एफएलसीसी के.के. अवस्थी, कार्यक्रम समन्वयक राजीव शर्मा एवं यश मोहन उसरठे आर सेटी स्टॉफ उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता गतिविधियां प्रारंभ

डाईट एवं सरदार पटेल कॉलेज में हुए आयोजन

मंडला यशोः-आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया है। इसी क्रम में सरदार पटेल कॉलेज बड़ी खैरी तथा डाइट मण्डला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सरदार पटेल नर्सिंग कॉलेज में जिला पंचायत सीईओ श्रेयान्स कूमट उपस्थित रहे। डाईट मंडला में इस अवसर पर के पस ए बेसडर्स के द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। साथ ही मतदान का महत्व भी बताया गया। चित्रकला के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छात्रों के समक्ष वोटिंग मशीन का प्रदर्शन भी किया गया तथा मॉकपोल कराकर मतदान की प्रक्रिया समझाई गई। मतदान के लिए पात्र हुए युवा मतदाताओं से फॉर्म-6 भी भरवाए गए। इस अवसर पर प्रभारी उपसंचालक मधु अली, एपीसी मुकेश पांडे एवं प्राचार्य डाइट राजेश जयसवाल एवं संबंधित उपस्थित थे।

अतिरिक्त नवनिर्मित न्यायालय भवन का हुआ ई-लोकार्पण

मंडला यशोः- 1 अगस्त दिन मंगलवार को सायं 05.00 बजे जिला मु यालय में नवनिर्मित अतिरिक्त न्यायालय भवन का माननीय न्यायमूर्ति रवि मलिमठ मु य न्यायाधिपति उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के कर कमलों द्वारा न्यायमूर्ति जी.एस. अहलूवालिया पोर्टफोलियो न्यायाधिपति उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर तथा माननीय संजय कृष्ण जोशी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडला की गरिमामयी उपस्थिति में ई-लोकार्पण स पन्न हुआ।

नवनिर्मित अतिरिक्त न्यायालय भवन के शुभारंभ कार्यक्रम में अक्षय कुमार द्विवेदी प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय मण्डला, श्रीमती विधि से सेना विशेष न्यायाधीश मंडला, सुबोध कुमार विश्वकर्मा प्रथम जिला न्यायाधीश मण्डला, जंगबहादूर सिंह राजपूत चतुर्थ जिला न्यायाधीश मण्डला, दयाराम अहिरवार तृतीय जिला न्यायाधीश मण्डला, ब्रजेश गोयल पंचम जिला न्यायाधीश मण्डला, दयाराम कुमरे सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती ज्योति डोंगरे शर्मा सीजेएम मण्डला, रवि चौकसे वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, श्रीमती शालू चौकसे वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, नरेश गौड जिला रजिस्ट्रार, सुश्री फातिमा अली सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड तथा समस्त प्रशिक्षु न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

''समाधान आपके द्वार'' योजनांतर्गत लोक अदालत शिविर 5 को

मंडला यशोः- उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार 5 अगस्त 2023 को समझौता समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने शिविर के आयोजन के लिए प्रभारी नियुक्त करने एवं कलस्टर गठन के निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके अनुसार तहसीलदार मंडला कमलसिंहसार को मंडला कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें थाना कोतवाली मंडला एवं महाराजपुर, पौड़ी एवं हिरदेनगर चौकी क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए तहसील कार्यालय मंडला के सभाकक्ष में 5 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 5 बजे तक शिविर का आयोजन होगा।

इसी प्रकार तहसीलदार नैनपुर नितिन गौंड़ एवं नायब तहसीलदार शीलत चंद्रवंशी को नैनपुर कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें थाना नैनपुर एवं चौकी पिंडरई क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए तहसील कार्यालय नैनपुर के सभाकक्ष में, तहसीलदार बिछिया रायसिंह कुशराम को बिछिया कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें थाना बिछिया क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए तहसील कार्यालय बिछिया के सभाकक्ष में, तहसीलदार निवास शंकरलाल मरावी को निवास कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें थाना निवास क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए तहसील कार्यालय निवास के सभाकक्ष में, तहसीलदार नारायणगंज राकेश खरिया को नारायणगंज कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें थाना टिकरिया क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए तहसील कार्यालय नारायणगंज के सभाकक्ष में, तहसीलदार घुघरी हरिओम ठाकुर को घुघरी कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें थाना घुघरी एवं सलवाह चौकी क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए तहसील कार्यालय घुघरी के सभाकक्ष में, नायब तहसीलदार ब हनी डॉ. अजेन्द्रनाथ प्रजापति को ब हनी कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें थाना ब हनी एवं चौकी पांडीवाड़ा क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए नायब तहसील कार्यालय ब हनी के सभाकक्ष में, नायब तहसीलदार चिरईडोंगरी वंदना कुशराम को चिरईडोंगरी कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें थाना खटिया एवं चौकी तुरूए एवं टाटरी क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए नायब तहसील कार्यालय चिरईडोंगरी के सभाकक्ष में, नायब तहसीलदार मवई संदीप नागेश्वर को मवई कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें थाना मवई क्षेत्र शामिल हैं।

इसके लिए नायब तहसील कार्यालय मवई के सभाकक्ष में, नायब तहसीलदार अंजनिया साक्षी शु ला को अंजनिया कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें चौकी अंजनिया क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए नायब तहसील कार्यालय अंजनिया के सभाकक्ष में, नायब तहसीलदार बबलिया पुष्पेन्द्र पंद्रे को बबलिया कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें थाना निवास क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए नायब तहसील कार्यालय बबलिया के सभाकक्ष में, नायब तहसीलदार बीजाडांडी चैनसिंह मार्को को बीजाडांडी कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें चौकी मनेरी, चौकी मानिकसरा क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए नायब तहसील कार्यालय बीजाडांडी के सभाकक्ष में, नायब तहसीलदार मोहगांव धमेन्द्र कुमार साहू को मोहगांव कलस्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें थाना मोहगांव, चौकी चाबी क्षेत्र शामिल हैं। इसके लिए नायब तहसील कार्यालय मोहगांव के सभाकक्ष में 5 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 5 बजे तक शिविर का आयोजन होगा।

द्वितीय पुनरीक्षण कार्यक्रम की मीडिया को दी गई जानकारी

मंडला यशोः- राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जारी कार्यक्रम के अनुसार 2 अगस्त को फोटोयुक्त मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत प्रारूप प्रकाशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने जिले की मीडिया को उक्त संबंध में विस्तार से जानकारी दी। गोलमेज सभाकक्ष में इस दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयान्स कूमट, अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने मीडिया को जिले के विधानसभावार मतदाता, विधानसभावार मतदान केन्द्रों की स्थिति, नए तथा विलोपित मतदान केन्द्रों की जानकारी, पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गतिविधियों का तारीखवार कार्यक्रम, दिव्यांग मतदाता, बुजुर्ग मतदाता, नए मतदाता, जेंडर रेशो, ईपी रेशो के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मीडिया को निर्वाचन गतिविधियों के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता जागरूकता एवं मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए प्रचार-प्रसार के माध्यम से सहयोग करने की अपील भी की।

विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मंडला यशोः- जनपद पंचायत नैनपुर के ग्राम पंचायत कलस्टर में मंडला विधायक देवसिंह सैयाम की अध्यक्षता में विकास पर्व मनाया गया। विकास पर्व में ग्राम पंचायत निवारी में रूकमणी नदी पर घाट निर्माण का भूमिपूजन एवं खेरमाई के पास रेन बसेरा निर्माण का लोकार्पण किया गया। ग्राम पंचायत समनापुर में विधायक निधि से रंगमंच निर्माण, ग्राम पंचायत हीरापुर में सीमेंट रोड निर्माण, ग्राम पंचायत अलीपुर में सीमेंट सड़क निर्माण कुल 18.87 लाख के कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। विकास पर्व कार्यक्रम में ग्राम पंचायत निवारी, समनापुर, हीरापुर एवं अलीपुर के सरपंच व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता के लिए वाहन द्वारा प्रचार-प्रसार के निर्देश जारी

मंडला यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के अंतर्गत नवीन/युवा मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने निर्देश जारी कर दिए हैं। जारी निर्देशों में उन्होंने कहा है कि जिले के प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 1-1 जागरूकता वाहन (एलईडी वॉलयुक्त) उपलब्ध कराया जा रहा है। यह जागरूकता वाहन आपके द्वारा निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक भ्रमण कर प्रचार-प्रसार करेगा। इसी तारतय में आपके निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार-प्रसार हेतु उपलब्ध कराए जा रहे जागरूकता वाहन में ई0व्ही0एम0 द्वारा मतदान की प्रक्रिया के प्रदर्शन हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान ट्रेनिंग एवं अवेयरनेस कैंपेन के अंतर्गत आपके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत् जिला/अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मु यालय पर स्थापित/संचालित किए जा रहे ई0व्ही0एम0 प्रदर्शन केन्द्र (टड` मउवदेजतंजपवद ब्मदजतम) हेतु इस कार्यालय द्वारा पूर्व में आपको 2-2 ईव्हीएम/व्हीव्हीपीएटी मशीन के साथ 4-4 बैटरी पैक एवं पेपररोल उपलब्ध कराए गए थे। इनमें से 1 अतिरिक्त ईव्हीएम/व्हीव्हीपीएटी मशीन तथा अतिरिक्त बैटरी पैक एवं पेपर रोल का उपयोग जागरूकता वाहन में मतदान प्रक्रिया के प्रदर्शन हेतु किया जाए। ईव्हीएम/व्हीव्हीपीएटी मशीनों हेतु अतिरिक्त बैटरी पैक तथा पेपररोल की आवश्यकता हो तो, मांग-पत्र भेजकर निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर लिया जाए।

जागरूकता वाहन में प्रदर्शन हेतु उपयोग में लाई जाने वाली ई0व्ही0एम0 मशीनों को आयोग के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिदिन अस्थाई स्ट्रांग रूम से सुरक्षित निकालने एवं जमा किए जाने का दायित्व किसी जि मेदार अधिकारी को सौंपे तथा स्थानीय स्तर पर क्षेत्रीय कार्मिकों को ई0व्ही0एम0 मशीनों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार जागरूकता वाहन में ई0व्ही0एम0 मशीनों के प्रदर्शन हेतु इन प्रशिक्षित कार्मिकों की आवश्यकता अनुसार ड्यूटी लगाएं। जागरूकता वाहन में भ्रमण के दौरान प्रदर्शन के लिए उपयोग में लाई जाने वाली ईव्हीएम/व्हीव्हीपीएटी मशीनों की सुरक्षा हेतु स्थानीय स्तर पर पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर, आवश्यक सुरक्षा बल की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

जागरूकता वाहन में ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीनों के माध्यम से निर्वाचन क्षेत्र के अधिक से अधिक आमजन/मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी दी जाकर आयोग द्वारा निर्धारित डमी मतपत्र चिन्हों का उपयोग करते हुए, मशीनों से मतदान की प्रक्रिया संपादित करें तथा व्हीव्हीपीएटी मशीनों में एकत्रित वोटिंग स्लिप/पर्चियों को ब्रेडिंग मशीन के द्वारा प्रतिदिन ब्रेडिंग कर अनिवार्य रूप से विनिष्ट करें। जागरूकता वाहन के भ्रमण के दौरान ईव्हीएम/व्हीव्हीपीएटी मशीनों के प्रदर्शन से संबंधित उच्च गुणवत्ता वाले फोटोग्राफ्स लिए जाकर कम से कम 10 फोटोग्राफ्स निर्वाचन कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराएं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297